समाचार–प्रकाशनार्थ :–

## *4 लेन निर्माण कार्य का कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण*

*निर्माण कार्य शीघ्र करने व रोटरी तथा ट्रॉफिक सिग्नल के प्रस्ताव प्रस्तुत करने के दिये निर्देश*

**रतलाम** 07 जून । नगर निगम दो बत्ती से काला घोड़ा तक निर्मित की जा रही 4 लेन सड़क निर्माण कार्य का कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम व पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी द्वारा निगम आयुक्त श्री झारिया के साथ निरीक्षण कर कार्य शीघ्रता व गुणवत्ता पूर्वक करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री पुरूषोत्तम व पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी द्वारा निर्माणाधीन सड़क का अवलोकन कर संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया कि कार्य शीघ्रता के साथ गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करें साथ ही सड़क के एक ओर 2 लेन का निर्माण पूर्ण होने पर सड़क के दूसरी ओर का निर्माण कार्य प्रारंभ करें ताकि नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री पुरूषोत्तम ने निगम आयुक्त श्री झारिया को चौराहों की रोटरी निर्माण तथा ट्रॉफिक सिग्नल का प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये ताकि चौराहों पर आकर्षक रोटरी का निर्माण शीघ्र कराया जा सके साथ ही ट्रॉफिक सिग्नल लगाकर यातायात को सुगम बनाया जा सकें।

*आयुष्मान कार्ड अधिक से अधिक बनाने हेतु निगम आयुक्त व एसडीएम ने ली बैठक*

## *आयुष्मान कार्ड वार्डवार कॉमन सेन्टरों पर निःशुल्क बनाये जा रहे है*

## *तीन दिनों में 399 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये*

**रतलाम** 07 जून । आयुष्मान भारत ''निरामयम'' योजना अन्तर्गत रतलाम नगर के पात्र हितग्राहियों के निःशुल्क आयुष्मान कार्ड अधिक से अधिक बने इस हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया व अनुविभागीय दण्डाधिकारी श्री अभिषेक गेहलोत ने नियुक्त निगम उपयंत्री, उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, नगर निगम कर्मचारी, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर की बैठक लेकर कार्य में आ रही परेशानियों को दुर किया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने आयोजित बैठक में नियुक्त सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों से कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी लेने पर बताया गया कि 7 जून को 64 व अब तक 399 आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया की आयुष्मान कार्ड तेजी से बनाये जाने हेतु एक व्हाट्स एप ग्रुप तैयार किया गया है जिसमें नियुक्त सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को जोड़ा गया है। बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि आपको अपने सौंपे गये वार्ड में से पात्र हितग्राहियों का पता लगाकर उनके आधार कार्ड व एसएसएसएम आई डी लेकर कामन सर्विस सेन्टर पर ले जाना है।

एसडीएम श्री गेहलोत ने बताया कि अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग डी–1 केटेगरी में लिया गया है इस हेतु संबंधित का डिजिटल जाति प्रमाण पत्र एसएसएसएम आई डी में दर्ज करवाना होगा इसके पश्चात वे पात्र हितग्राहियों की श्रेणी में आयेंगे। डिजिटल जाति प्रमाण पत्र बनवाने हेतु एसडीएम कार्यालय द्वारा यथा संभव सहयोग किया जायेगा।

निगम आयुक्त श्री झारिया व एसडीएम श्री गेहलोत ने बैठक में कहा कि अधिकांश परिवारों को बीमारियों के दौर से गुजरना पड़ता है यह समय उनके लिये सबसे कठिन समय होता है इस कठिन समय में राहत देने के लिये भारत सरकार द्वारा निःशुल्क उपचार हेतु लागू की गई आयुष्मान भारत ''निरामयम'' योजना के तहत सभी को मिलकर अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाना है।

इस अवसर पर उन्होने कहा कि कोरोना से बचाव हेतु रतलाम जिले में शहर में सबसे अधिक वेक्सीनेशन हुआ है सभी को मिलकर रतलाम नगर में वेक्सीनेशन से शेष बचे नागरिकों

